प्रथम अपील अधिकारी, सूचना का अधिकार अधिनियम
एवं जिला कलक्टर उदयपुर
निर्णय द्वारा अध्यासित गौरव अग्रवाल आई.ए.एस.

प्रकरण संख्याः **139/2025** (अपील सूचना का अधिकार)
सुरेश कुमार कोठारी पुत्र स्व. सोहन लाल कोठारी पताः वार्ड न. 8, कन्याशाला के पास, तहसील–वल्लभनगर, उदयपुर

..............अपीलार्थी

बनाम

1. सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड़ अधिकारी वल्लभनगर, उदयपुर
2. सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार वल्लभनगर, उदयपुर

..................प्रत्यर्थी

प्रथम अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

निर्णय

दिनांकः 22/05/2026

प्रकरण में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत एक अपील प्रस्तुत कर निवेदन किया कि एक प्रार्थना पत्र दिनांक 10.07.2025 को प्रत्यर्थी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सूचना चाही गई। प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को चाही गई सूचना उपलब्ध नहीं करवाये जाने से क्षुब्ध होकर यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील अपीलार्थी दर्ज रजिस्टर की जाकर प्रत्यर्थी से अपील पर जवाब तथा सूचना उपलब्ध कराने हेतु कार्यालय के पत्रांक रीडर/सू.अ.2005/प्रथम अपील/139/25/903–05 दिनांक 28.08.2025, पत्रांक 1035–37 दिनांक 26.09.2025 एवं पत्रांक 1288–90 दिनांक 22.12.2025 से लिखा गया। प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत जवाब शामिल पत्रावली किया गया।

सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी, वल्लभनगर द्वारा जरिये पत्रांक आरटीआई/2026/04 दिनांक 14.01.2026 से प्रत्युत्तर प्रस्तुत करते हुए इस कार्यालय को अवगत कराया गया कि प्रार्थी द्वारा बिन्दु संख्या 1 से 6 तक सूचना चाही गई थी। बिन्दु संख्या 1 से 5 तक चाही गई सूचना के संबंध में ऐसा कोई दस्तावेज इस कार्यालय में संधारित नहीं है जिस पर उक्त संबंध में में किसी प्रकार का अभिमत दिया गया हो, जिससे सूचना दिया जाना संभव नहीं है। बिन्दु संख्या 6 में वांछित सूचना प्रार्थी को कार्यालय के पत्रांक आरटीआई/2025/107 दिनांक 14.11.2025 के द्वारा जरिये रजिस्टर्ड डाक उपलब्ध करवाई जा चुकी है।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रकरण में सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी वल्लभनगर द्वारा अपीलार्थी को जरिये रजिस्टर्ड पत्र क्रमांक 107 दिनांक 14.11.2025 से बिन्दु संख्या 1 से 5 की सूचना कार्यालय में उपलब्ध नहीं होने के संबंध में अवगत करवा दिया गया है एवं बिन्दु संख्या 6 की सूचना अपीलार्थी को प्रेषित की जा चुकी है। सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड़ अधिकारी वल्लभनगर द्वारा इस कार्यालय

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.22 12:57:31 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 22388694
M e-Sign

में प्रेषित प्रत्युत्तर के विपरीत अपीलार्थी की ओर से किसी प्रकार की आपत्ति/प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई है। ना ही अपीलार्थी सुनवाई के दौरान उपस्थित हुए है। ऐसी स्थिति में यह माना जाना उचित होगा कि प्रत्यर्थी द्वारा प्रेषित जवाब/सूचना अपीलार्थी को प्राप्त हो गयी है तथा वह प्रत्यर्थी के जवाब/सूचना से संतुष्ट है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनिराम 2005 की धारा 19(1) के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील खारिज की जाती है। निर्णय की प्रति उभयपक्ष को प्रेषित की जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

(गौरव अग्रवाल)
प्रथम अपील अधिकारी,
सूचना का अधिकार अधि. एवं
जिला कलक्टर, उदयपुर

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.22 12:57:31 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
22388694
M e-Sign